**ग्राम पंचायत भोगपुर, वि० ख० नालागढ़, ज़िला सोलन, हि०प्र० – 174101**

**के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का**

**अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**भाग-एक**

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत भोगपुर, विकास खण्ड नालागढ़, जिला सोलन के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति अनुवाला | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**सचिव :-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री अमरीक सिंह | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत भोगपुर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.1 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में अत्यधिक अन्तर पाया जाना | **9.26** |
| 2 | 4.2 | विभिन्न अनुदानों की रोकड़ बहियों में अनुचित/ असमर्थित/ फर्जी प्रविष्टियाँ पाया जाना | **2.44** |
| 3 | 4.3 | रोकड़ बहियों में राशि को पहले सभा निधि से 15 वाँ वित्त आयोग में स्थानान्तरण करना व दौवारा 15 वाँ वित्त आयोग से पाँच अलग-अलग प्रविष्टियाँ करके सभा निधि में स्थानान्तरित करना | **10.38** |
| 4 | 6.1 | अनुदान राशि का अवरोधन करना | **47.07** |
| 5 | 7.1 | पंचायत राजस्व संपत्ति कर/गृहकर वसूली हेतु शेष पाया जाना | **1.07** |
| 6 | 8.1 | स्व: स्त्रोत से प्राप्त आय को बैक खाते में जमा करवाये बिना ही व्यय करना | **0.23** |
| 7 | 8.2 | वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 के में रॉयल्टी से संबन्धित फार्म w या x प्रस्तुत किए बिना ठेकेदारों को अनियमित भुगतान करना | **22.01** |
| 8 | 8.3 | सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.18** |
| 9 | 8.4 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को | **8.68** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | |
| 10 | 8.6 | विभिन्न अनुदानों के अर्न्तगत निष्पादित विकास कार्यों हेतु स्वीकृत राशि से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करना | **41.94** |
| 11 | 9.1 | मनरेगा के मस्ट्रोलों के भुगतान को माप पुस्तिका में अंकित भुगतान योग्य राशि से अधिक राशि का अनियमित भुगतान करना | **0.32** |
| 12 | 9.2 | मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को राशि का अनियमित भुगतान करना | **0.78** |

## भाग – दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत भोगपुर, विकास खण्ड नालागढ़, ज़िला सोलन के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री बनीश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 10.03.2025 से 18.03.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 12/2022 | 03/2023 |
| 2023-24 | 03/2024 | 06/2023 |

<u>अस्वीकरण (Disclaimer):</u> - ***इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹5600/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 13/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 05/2025 दिनांक 10.03.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट - "क"** और **"ख"** में भी दिया गया है:-

**1. स्व: स्रोत व BBNDA:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 479662.47 | 240118.88 | 719781.35 | 52234.89 | 667546.46 |
| 2023-24 | 667546.46 | 122480.00 | 790026.46 | 31162.00 | 758864.46 |

**2. (क) अनुदान:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 (INCLUDING 14TH FC & 15TH FC) | 5071133.95 | 7392663.72 | 12463797.67 | 6763455.18 | **5700342.49** |
| 2023-24 (EXCLUDING 14TH FC & 15TH FC) | 3393243.87 | 4737870.74 | 8131114.61 | 3424488.74 | **4706625.87** |

**2 (ख) अनुदान**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **2023-24 (14वां वित्तायोग)** | 211183.62 | 0.00 | 211183.62 | 0.00 | **211183.62** |
| **2023-24 (15वां वित्तायोग)** | 2095915.00 | 588836.00 | 2684751.00 | 1690854.20 | **993896.80** |

**कुल योग (1+2क व 2 ख )** =758864.46 + 4706625.87+211183.62+ 993896.80+ 100.00(नगदशेष)= **6670670.75**

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से **₹ 66,70,670.75** तथा बैंक खातों की राशि के अन्तशेष **₹ 57,44,526.30 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है:-

| क्र० स० | शीर्ष | बैंक | खाता संख्या | बैंक अंत शेष 31.03.24 को |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334001008035 | 0.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334001000108 | 25752.75 |
| 3 | 3 रां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC) | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334022000212 | 831321.91 |
| 4 | 5वां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC) | | | |
| 5 | 14 वा वित्तायोग | | | |
| 6 | नेशनल रूलर हेल्थ मिशन NRHM | | | |
| 7 | सभा निधि / SF | | | |
| 8 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | | |
| 9 | 13 वा वित्तायोग | | | |
| 10 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334022100031 | 159098.00 |
| 11 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) | | | |
| 12 | इंटीग्रेटेड वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोग्राम | JCC बैंक, दभोटा | '102134022100001 | 0.00 |
| 13 | 14 वा वित्तायोग | JCC बैंक, दभोटा | 102134022100006 | 216956.62 |
| 14 | आपदा राहत कोष CRF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100031421 | 3124269.45 |
| 15 | लोकल एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम LADP | | | |
| 16 | मेंबर ऑफ़ पार्लेमेंट लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम MPLADS | | | |
| 17 | सभा निधि / SF | | | |
| 18 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | | |
| 19 | विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (V.K.V.N.Y.) | | | |
| 20 | विकास में जन सहयोग योजना (V.M.J.S.Y.) | | | |
| 21 | सभा निधि / SF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100013300 | 0.00 |
| 22 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | | |
| 23 | सभा निधि / SF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100028737 | 981041.80 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | 15 वा वित्तायोग | | | |
| 25 | इंदिरा आवास योजना IAY | | | |
| 26 | राजीव आवास योजना एरस्टव्हील अटल आवास योजना RAYEAAY | SBI ADB नालागढ़ | 55106821689 | 406085.77 |
| 27 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | | |
| | | | जोड़ (क) | 5744526.30 |
| | दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :- | | | |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार पैरा- 4(क) अन्तशेष :- | | | 6670670.75 |
| | पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेष:- | | | 5744526.30 |
| | | | अंतर :- | 926144.45 |

**नोट :- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

## 4.1 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹9.26 लाख का अत्यधिक अन्तर बारे:-

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2024 को उपरोक्त पैरा 4(ख) के अनुसार **₹ 9,26,144.45** की राशि का अन्तर पाया गया इस कारणवश यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा उत्तर दिया गया कि इस संदर्भ में त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया

जाता है कि रोकड़ बहियों का बैंक से मिलान कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता के बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके तथा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक शेषों के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए व वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 विभिन्न अनुदानों की रोकड़ बहियों में ₹2.44 लाख की राशि का अनुचित/ असमर्थित/फर्जी प्रविष्टियाँ पाया जाना: -

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 10 के अनुसार ग्राम पंचायत खाता से प्रत्येक आहरण, प्राप्ति की ओर तथा निक्षेप संवितरण की ओर रोकड़ बही में शीघ्र प्रविष्टि किया जाएगा व उक्त खातों की पासबुक(कें) बनाई रखी जाएगी।

अंकेक्षण के दौरान विभिन्न अनुदानों कि रोकड़ बहियों के अवलोकन पर पाया गया की रोकड़ बही में राशि **₹2,44,122.44** की भुगतान प्रविष्टि दर्ज की गई थी जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है जिसके समर्थन में कोई बिल/ अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया व बैंक पास बुक से मिलान करने पर भी इस प्रकार का कोई लेन-देन नहीं पाया गया है, जिस कारण उक्त प्रविष्टियाँ अनुचित/असमर्थित प्रतीत होती हैं।

(i) व्यय

| **अनुदान** | **रोकड़ बही वॉचर संख्या/ दिनांक** | **विवरण रोकड़ बही अनुसार** | **रोकड़ बही में इन्द्राज की गई राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| OWN | OWN/2022-23/P/29 – 31.03.2023 | Bank Difference | 27122.44 |
| VMJS | VMJS/2022-23/P/1 – 01.02.2023 | Wrong Entry | 200000.00 |
| $5^{TH}$ SFC | 5THSFC/2023-24/P/14 – 31.03.2024 | Wrong Entry | 17000.00 |
| | | **कुल राशि** | **2.44,122.44** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2025/भोगपुर दिनांक 17.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को त्रुटि स्वीकार करते हुये बताया कि Online cashbook में गलती से यह इंद्राज की गई है, जिसे सही करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जायेगा व भविष्य में इस प्रकार की कोई Entry रोकड़ बही में नही की जायेगी। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता बारे विभागीय स्तर पर सभा निधि, 5वां वित्तायोग व विकास में जन सहयोग इत्यादि रोकड़ बहियों की विस्तृत जांच की जाये व तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अनुचित एवं असमर्थित राशि की उचित स्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**4.3 रोकड़ बहियों में राशि ₹10.38 लाख की राशि को पहले सभा निधि से 15 वाँ वित्त आयोग में स्थानान्तरण करना व दौवारा 15 वाँ वित्त आयोग से पाँच अलग-अलग प्रविष्टियाँ करके सभा निधि में स्थानान्तरित करना : -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **10** के अनुसार ग्राम पंचायत खाता से प्रत्येक आहरण, प्राप्ति की ओर तथा निक्षेप संवितरण की ओर रोकड़ बही में शीघ्रतः प्रविष्टि किया जाएगा व उक्त खातों की पासबुक(कें) बनाई रखी जाएंगी।

अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित विवरण अनुसार रोकड़ बहियों में राशि ₹10,38,025.00 की राशि को पहले सभा निधि से 15 वाँ वित्त आयोग में स्थानान्तरण करना व द्वारा 15 वाँ वित्त आयोग से तीन अलग-अलग प्रविष्टियाँ करके सभा निधि में स्थानान्तरित करना ऐसा कोई लेन-देन किन्ही बिलों के भुगतान के लिए नहीं किया गया है यह प्रविष्टियाँ फर्जी प्रतीत होती है व इस प्रकार की कोई भी प्रविष्टियाँ करने से पूर्व सक्षम अधिकारी से इसकी कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई।

(i) व्यय

| अनुदान | क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही वॉचर संख्या | विवरण रोकड़ बही अनुसार | राशि (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15TH FC | 1 | 28.07.2022 | XVFC/2022-23/P/3 | निर्माण सिब्रेज करतार सिंह के घर से नाला तक | 127201.00 | Amount transferred to Sabha Nidhi |
| | 2 | 01.08.2022 | XVFC/2022-23/P/5 | निर्माण सिब्रेज नाला हेली राम से मेन रोड तक महादेव | 149219.00 | |
| | 3 | 01.08.2022 | XVFC/2022-23/P/6 | निर्माण गली मेन रोड से रतनु बेला दोलोवल | 290735.00 | |
| | 4 | 01.08.2022 | XVFC/2022-23/P/7 | निर्माण गली लिंक रोड से विष्णु शर्मा के घर तक | 191765.00 | |
| | 5 | 04.08.2022 | XVFC/2022-23/P/9 | अतिरिक्त राशि इन्टरलोक टाइल गली रट्टू | 279105.00 | |
| | | | | **कुल राशि** | **1038025.00** | |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2025/भोगपुर दिनांक 17.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा उत्तर दिया गया कि इन राशियों का भुगतान वित्त बर्ष 2020-2021 में 15TH FC से Off-line माध्यम से किया गया था, जो की Online माध्यम से होना चाहिए था, इसलिये **₹10,38,025.00** की राशि को पहले सभा निधि से 15TH FC के बैंक खाते में स्थानान्तरित किया गया व बाद में इस राशि को पूर्व में अदा की गई राशि के अनुसार सभा निधि में पुनः स्थानान्तरित किया गया है, इस प्रकार की किसी भी राशि का भुगतान किसी आपूर्तिकर्ता को नही किया गया है, यह केवल online भुगतान दिखाने के लिये किया गया है, भविष्य में इस प्रकार की गलती को नहीं दोहराया जायेगा, व इस प्रकार की कोई भी entry सम्बन्धित अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना नही की जाएगी । उत्तर संतोषजनक नही पाया गया।

अत: इस अनियमितता बारे विभागीय स्तर पर रोकड़ बहियों की जांच की जाये व वस्तुस्थिति अनुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**4.4 लेखा खाता/खाता बही तैयार न करना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/ लेखा खाते तैयार न करने कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है व किस-किस कार्य पर कितना-कितना व्यय हुआ व कितनी राशि शेष थी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा उत्तर दिया गया कि खाता बही अपूर्ण है भविष्य में नियमानुसार खाता बही का अद्यतन कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा। प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता के बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 की अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किए जाने सुनिश्चित किए जायें व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.5 वर्गीकृत सार रजिस्टर (Classified Abstract ) को न तैयार करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (4) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को फार्म 8 में वर्गीकृत सार को तैयार करते हुए एक आय तथा व्यय के लिये दो भागों में बनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक मद के लिये एक अलग पन्ने पर प्रत्येक आय तथा व्यय के लेन-देन के लिये अलग-अलग प्रविष्टि की जाएगी । प्रत्येक माह के अन्त में मासिक तथा प्रगतिशील योग के लिये प्रविष्टि की जाएगी।

अंकेक्षण के दौरान वर्गीकृत सार रजिस्टर के अभाव के कारण पंचायत के आय तथा व्यय के आंकड़ों का मिलान बजट के साथ करने में न केवल मुश्किल आई परन्तु आय व्यय विवरणी तथा वित्तीय स्थिति तैयार करने में भी समय की बरबादी हुई है। इस सार को बनाए जाने का उद्देश्य आय व्यय को बजट के अनुसार नियंत्रित रखा जाना है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा उत्तर दिया गया कि नियमों की जानकारी न होने के कारण वर्गीकृत सार तैयार नहीं किया गया है भविष्य में नियमानुसार वर्गीकृत सार तैयार कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा। प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है।

अतः इस बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिये नियमानुसार वर्गीकृत सार तैयार करना सुनिश्चित किया जाये।

**4.6 योजनावार पृथक बैंक खाते न खोलना व एक योजना के एक से अधिक खाते खोलना : -**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए.(5)सी(15)-13(एल)5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार पंचायतों द्वारा PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) के कार्यान्वयन हेतु योजनावार अलग-अलग बैंक खाता खोलने के संबंध में जारी किए गए विभिन्न निर्देशों और दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंचायतों को सहायता अनुदान/निधि जारी करने से संबंधित स्वीकृति पत्र में PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) की आवश्यकता के अनुसार अनुदान के लेखा शीर्ष को दर्शाया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया की निम्नलिखित निधियों के आय व्यय हेतु योजना वार अलग-अलग बैंक खाता नहीं खोले गये है व कुछ योजनाओं के लिए एक से अधिक खातों का प्रयोग किया जा रहा है, जो की अनियमित है व जिस बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए।

| क्र० स० | शीर्ष | बैंक | खाता संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334001008035 |
| 2 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334001000108 |
| 3 | 3 रां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC) | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334022000212 |
| 4 | 5वां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC) | | |
| 5 | 14 वा वित्तायोग | | |
| 6 | नेशनल रूलर हेल्थ मिशन NRHM | | |
| 7 | सभा निधि / SF | | |
| 8 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | |
| 9 | 13 वा वित्तायोग | | |
| 10 | सभा निधि / SF | JCC बैंक, नालागढ़ | 101334022100031 |
| 11 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) | | |
| 12 | इंटीग्रेटेड वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोग्राम | JCC बैंक, दभोटा | '102134022100001 |
| 13 | 14 वा वित्तायोग | JCC बैंक, दभोटा | 102134022100006 |
| 14 | आपदा राहत कोष CRF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100031421 |
| 15 | लोकल एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम LADP | | |
| 16 | मेंबर ऑफ़ पार्लेमेंट लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम MPLADS | | |
| 17 | सभा निधि / SF | | |
| 18 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | |
| 19 | विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (V.K.V.N.Y.) | | |
| 20 | विकास में जन सहयोग योजना (V.M.J.S.Y.) | | |
| 21 | सभा निधि / SF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100013300 |
| 22 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | |
| 23 | सभा निधि / SF | PNB रेरू जैरिवाला | 09267000100028737 |
| 24 | 15 वा वित्तायोग | | |
| 25 | इंदिरा आवास योजना IAY | SBI ADB नालागढ़ | 55106821689 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | राजीव आवास योजना एरस्टव्हील अटल आवास योजना RAYEAAY | | |
| 27 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | | |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है की पंचायत द्वारा बैंक खातों का संचालन वर्णित नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध है जिस कारण उपरोक्त तालिका में वर्णित अनुदानों के आरंभिक शेष व अंत शेष की पुष्टि नहीं की जा सकी। यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2025/भोगपुर दिनांक 17.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया गया कि भविष्य में नियमानुसार योजना वार अलग-अलग बैंक खाते खोलकर व एक योजना केवल एक ही खाते का प्रयोग किया जाये व एक से अधिक खातों को बन्द करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: इस अनियमितता बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये व समस्त अनुदानों का पृथक बैंक खाता खुलवा कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 4.7 PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) पर नियमानुसार रोकड़ बहियों का संधारण एवं लेखांकन न करने: -

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए.(5)सी(15)-13(एल)5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार पंचायतों द्वारा ऑनलाइन ई ग्राम स्वराज(PRIASoft) लेखा प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु योजना वार अलग-अलग बैंक खाता खोलने के संबंध में जारी विभिन्न दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंचायतों को सहायता

अनुदान/निधि जारी करने से संबंधित स्वीकृति पत्र में ई ग्राम स्वराज(PRIASoft) की आवश्यकता के अनुसार अनुदान के लेखा शीर्ष को दर्शाया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अनुदान बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ विकास प्राधिकरण के आय व्यय का लेखांकन सभा निधि रोकड़ बही में किया जा रहा है ।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया कि भविष्य में नियमानुसार रोकड़ बहियों का संधारण एवं लेखांकन कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिए आश्वासन अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5. निवेश

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्व:-स्त्रोत में कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी

अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन की दृष्टिगत भविष्य में नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹ 47.07 लाख का अवरोधन :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा-निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 05/2025 दिनांक 10.03.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹ 47,06,625.87** की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी को स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित

संस्था को किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**6.2 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **79**(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र सं० पी०सी० एच०-एच०, ए० (5)(सी)(15)313/88-4614-478 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व अन्य स्वीकृत एजेन्सी से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवायेगा ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त अनुदानों के आदेश/ स्वीकृति पत्र अंकेक्षण हेतु उपलब्ध नहीं करवाये। लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुदानों के आदेश व स्वीकृति पत्र विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त नहीं हुए है जिन्हें भविष्य में प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए एवं अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.3 अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **61 (1)** के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है एवं नियम **79(2)** के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुदान रजिस्टर असंधारित है एवं भविष्य में अनुदान रजिस्टर को संधारित कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (**Update**) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखांकन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**7. पंचायत राजस्व**

**7.1 पंचायत राजस्व संपत्ति कर/गृहकर राशि ₹1.07 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका असंधारित थी। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2025/भोगपुर दिनांक 10.03.2025 की अनुपालना में पत्र क्रमांक NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा उपलब्ध

करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में ₹50/- प्रति परिवार व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹100/- प्रति परिवार प्रति वर्ष की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹1,07,400.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.24 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " घ "** पर संलग्न है। संपत्ति कर/गृहकर से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका असंधारित होने के कारण लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। संपत्ति कर/गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि गृहकर रजिस्टर को संधारित कर लिया जायेगा व 31.03.2024 के जो भी राशि वसूली हेतु शेष थी, उसे वित्त 2024-25 की गृहकर राशि के साथ वसूल करके आगामी अंकेक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका को संधारित कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 8.1 स्वः स्त्रोत से प्राप्त आय को बैक खाते में जमा करवाये बिना ही ₹0.23 लाख के व्यय करना:-

हि०प्र० पंचायती राज {वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते} नियम 2002 के नियम 6(3) के प्रावधानानुसार, पंचायत को सभी प्राप्तियों को प्रथमतः बैंक खाते में जमा तथा तदोपरान्त सभी प्रकार के भुगतान को खाते से किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड बही, बैंक पास बुक व सम्बन्धित अभिलेख में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा स्व: स्त्रोत से प्राप्त आय को बैंक में जमा करवाये बिना सीधे ही निम्न विवरण अनुसार **₹22,719.00** का व्यय किया गया था, जिसका विवरण **परिशिष्ट " ड़ "** पर संलग्न है जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है, अपितु आपत्तिजनक भी है जिससे पंचायत के स्व:-स्त्रोतों की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2025/भोगपुर दिनांक 13.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत द्वारा बित्त बर्ष 2022 -23 व 2023-24 में कुल ₹22,719/- की राशि का भुगतान नगद रूप से किया गया है जो की इससे सम्बन्धित जानकारी के आभाव के कारण हुआ है, भविष्य में इस प्रकार की गलती को नही दोहराया जायेगा । प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**8.2 वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 के में रॉयल्टी से संबन्धित फार्म w या x प्रस्तुत किए बिना ठेकेदारों को ₹ 22.01 लाख का अनियमित भुगतान करना:-**

अवधि 04/2022 से 03/2024 में रेत,बजरी व पत्थर की खरीद की गई थी परन्तु खरीद की गई निर्माण सामग्री के अभिलेखों की जांच में पाया गया कि हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार ठेकेदार/विक्रेता द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर फार्म 'X' या 'W' प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा उसे रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या एक्स.ई.एन-(आर.डी. एवं पी.आर)-डी.बी.जनरल/2023-1/204192/2023-34307-30, दिनांक 02.11.2023 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के आदेशों की अनुपालना में अब ठेकेदार/विक्रेता से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जाएगी तथा आपूर्ति हेतु भुगतान उनके द्वारा फार्म

"X"या "W" प्रस्तुत करने पर ही किया जाएगा । अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत भोगपुर द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत,बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांज़िट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को सलग्न विवरण अनुसार ₹**22,00,895.32** का अनियमित भुगतान किया गया । जिसका विवरण **परिशिष्ट "च"** में दिया गया है उक्त प्रकरण अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 12/2025/भोगपुर दिनाँक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत भोगपुर के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा क्रमांक संख्या NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा सबन्धि आपूर्तिकर्ता से उचितं फार्म को प्रस्तुत करने को कहा जायेगा व आगामी अंकेंक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जायगा व भविष्य में बिना ट्रांजिट पास के किसी भी खनन समग्री के बिलों का भुगतान नहीं किया जायेगा।

अतः परामर्श दिया जाता है कि क्रय की गई रेत व बजरी से संबधित फार्म w या x अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाए अन्यथा अनियमित रूप से भुगतान की गयी राशि की वसूली करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**8.3 सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी., टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.18 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे:-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि०प्र० आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part (278/25)-29056 दिनांक 29.09.2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local Authority/Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में एकल अनुबंध के अन्तर्गत ₹2,50,000.00 से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1%CGST + 1%SGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% IGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती संबंधित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले संबंधित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 के व्यय चयनित माह 03/2023 व 06/2023 के बिल/वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार जी.एस.टी., टी.डी.एस. की कटौती नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं से सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु अंकेक्षण अवधि के चयनित माह के दौरान कुल राशि **₹9,21,313.00** का भुगतान किया गया जिस पर नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं से जी.एस.टी., टी.डी.एस. के रूप में भुगतान की गई राशि का 2% की दर से राशि **₹18,426.26** की कटौती नहीं की गई थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " छ "** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार जी.एस.टी., टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इस त्रुटि को स्वीकार करती है। अतः अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है और यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार जी.एस.टी., टी.डी.एस. की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण के दिए आश्वासनानुसार कटौती योग्य जी.एस.टी. टी.डी.एस. की अपेक्षित राशि की वसूली आपूर्तिकर्ताओं से करने उपरांत सम्पूर्ण राशि संबंधित विभाग में जमा करवाई जाए और भविष्य में भी भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. टी.डी.एस. से संबंधित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.4 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹8.68 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने, निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित है।

विस्तृत अंकेक्षण हेतु चयनित माह के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा राशि **₹8,68,401.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट – "ज"** में दिया गया है, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा बताया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में तथा कार्य की आकस्मिकता के कारण औपचारिकताओं को पूर्ण नहीं किया जा सका व भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कृत व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.5 स्थायी व अस्थायी भण्डार ₹6.83 लाख का भंडारण पुस्तिकाओं में इन्द्राज न करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए, बी, सी व डी ) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय की गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25 से 28 में लेखांकन किया जाना है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि स्थायी स्टॉक रजिस्टर असंधारित है जिसके अभाव में चयनित व्यय माह 03/2023 एवं 06/2023 के बिल /वाउचरों के अनुसार पंचायत द्वारा **परिशिष्ट "झ"** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹6,82,901.00** के भण्डार की स्टॉक प्रविष्टि की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 17.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्रस्तुत प्रतिउत्तर नियमों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है। स्टॉक रजिस्टर के अभाव में क्रय सामग्री/भंडार के दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अत: क्रय किये गये प्रत्येक सामान का नियमानुसार इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.6 विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत निष्पादित विकास कार्यों हेतु स्वीकृत राशि ₹41.94 लाख से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम **94, 95** व **101** के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति व प्राक्कलन तैयार किए बिना नहीं किया जा सकता। नियम **79(2)** अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा और सभी अभिलेखों विवरणीयों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत निष्पादित विकास कार्यों हेतु स्वीकृत राशि

**₹41,94,301.00** से संबंधित प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, प्राक्कलन, माप पुस्तिकाएं व उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट - " ञ "** में दिया गया है परिणामस्वरूप निष्पादित निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत राशि व मूल्यांकित राशि के अनुसार किए गए भुगतान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 के अन्तर्गत तथ्यों की पुष्टि उपरांत बताया गया कि विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत निष्पादित विकास कार्यों विकास कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, प्राक्कलन, माप पुस्तिकाएं व उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। वांछित अभिलेखों को प्रस्तुत न करना ग्राम पंचायत द्वारा नियमों एवं दिशा-निर्देशों की पालना के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा किसी व्यक्ति विशेष/ आपूर्तिकर्ता को अनुचित लाभ पहुंचाने की संभावना एवं व्यय राशि के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत निष्पादित विकास कार्यों के वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने का तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये विभागीय स्तर पर मामले को उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ लाकर छानबीन एवं पड़ताल उपरांत समर्थित/वांछित अभिलेख एवं भौतिक सत्यापना सहित उक्त भुगतानों को पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9. मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित अनियमितता बारे**

**9.1 मनरेगा के मस्ट्रोलों के भुगतान को माप पुस्तिका में अंकित भुगतान योग्य राशि से अधिक ₹0.32 लाख का अनियमित भुगतान करना :-**

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह के व्यय वाउचरों की पड़ताल पर पाया गया कि ग्राम पंचायत भोगपुर द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 में मनरेगा अनुदान के अंतर्गत

**₹31,665.00** राशि का अनियमित/ संदिग्ध भुगतान करना, जिसका विवरण **(परिशिष्ट - "ट")** में सलग्न है । तकनीकी सहायक द्वारा कुछ मस्ट्रोलों के अनियमित व संदिग्ध भुगतान हेतु "Adjustment Entries" करके अनियमित/ संदिग्ध भुगतान करने का प्रयास किया गया है, इन प्रविष्टियों का इसी कार्य के लिए किये पूर्ण में की गई प्रविष्टियों से कोई मेल नही है व ना ही जो वस्तुओं की दरें, जो इन्द्राज कि गई है उनका पूर्व में की गई प्रविष्टियों से मेल खाती है। इसके अतिरिक्त तकनीकी सहायक द्वारा माप पुस्तिका 3272 के पृष्ठ संख्या 1 से 29 तक अधिकतर पृष्ठों को खाली छोड़ा गया है जो कि गम्भीर अनियमितता है

इस संदर्भ में अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 11/2025/भोगपुर दिनांक: 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत भोगपुर को वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, जिसके प्रतिउत्तर में पत्र संख्या: NIL दिनांक: 18.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि इस सन्दर्भ में तकनीकी सहायक से विस्तृत चर्चा कर ली गई है व उनसे यह गलती जानकारी के अभाव के कारण हुई है, इस सन्दर्भ में उचित स्त्रोत से वसूली करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर लिया जायेगा व ग्राम रोजगार सेवक से भी इस अनियमित भुगतान के बारे में चर्चा कर ली गई है, इस सम्बन्धित दस्तावेज़ असन्धारित है व भविष्य सम्बन्धित दस्तावेजों का संधारण किया जायेगा, यह गलती जानकारी के अभाव के कारण हुई है व भविष्य में इस प्रकार की गलती को नही दोहराया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है व दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त निर्माण कार्य में माप गणना में पाई गई त्रुटि व किये गए अधिक भुगतान को आगामी उच्च तकनीकी अधिकारी से पूर्ण अभिलेखों सहित जाँच एवं सत्यापन सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए व पूर्ण अभिलेखों सहित अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाएँ अन्यथा वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.2 मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को राशि ₹0.78 लाख का अनियमित भुगतान करना :-**

निदेशक-सह-आयुक्त (मनरेगा) ग्रामीण विकास विभाग हिमाचल प्रदेश, के पत्र संख्या SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 दिनांक 25.05.2022 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों अनुसार मनरेगा के अन्तर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु आपूर्तिकर्ता के खातों में सामग्री का भुगतान करने के बजाय, इसे व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 में के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित कार्यों के लिए जारी निर्देशों की उल्लंघना करते हुये खरीदी गई सामग्री हेतु भुगतान व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को करने के परिणामस्वरूप राशि **₹78,429.94** का अतिरिक्त/ अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है , जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ठ "** पर संलग्न है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2025/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि इस स्न्धर्व में ग्राम रोजगार सेवक से विस्तृत चर्चा कर ली गई है व उन्होंने गलती के स्वीकार किया है व भविष्य में इस प्रकार की गलती को नही दोहराया जायेगा । प्रत्युत्तर तर्कसंगत नहीं है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार सामग्री का भुगतान व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को करने का औचित्य स्पष्ट करते हुये तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति से समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.3 मनरेगा के अंतर्गत किये गए भुगतान के FTOs (fund transfer orders) एवं Movement Slip को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे :-**

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण में मनरेगा के अंतर्गत किये गए भुगतान के FTOs (fund transfer orders) को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कि यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि जो बिल पंचायत द्वारा अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गए हैं वास्तव में उन्हीं को भुगतान किया गया है।

इस बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2024/भोगपुर दिनांक 18.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक NIL दिनांक 18.03.2025 द्वारा बताया कि मनरेगा भुगतानों के FTOs (fund transfer orders) एवं Movement Slip पंचायत में उपलब्ध नहीं है इस कारण यह अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये जा सकते। उत्तर संतोषजनक नहीं है अतः FTOs (fund transfer orders) एवं Movement Slip का पंचायत में न पाया जाने को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10. विविध अनियमितताएं :-**

**10.1 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली न करने के कारण राशि ₹0.02 लाख की राजकीय कोष को राजस्व हानि बारे: -**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्याः SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200.00(APL)/₹25.00(BPL) प्रति पंजीकरण तथा विलम्ब के लिए ₹400.00(APL)/₹50.00(BPL) अर्थात दोगुनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है तथा जिसे समय-समय पर वसूल करने के उपरांत विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या **"0070-60-108-01"** में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि आवेदनकर्ताओं से विवाह पंजीकरण शुल्क राशि **₹2,000.00** वसूली हेतु शेष है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ड"** पर संलग्न है। विवाह पंजीकरण शुल्क की नियमानुसार वसूली न करने के कारण राजकीय कोष को संभावित राजस्व की हानि प्रतीत होती है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2025/भोगपुर दिनांक 13.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर सं०: NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त नहीं किया गया तथा उक्त राशि को पंचायत द्वारा आवेदनकर्ताओं से प्राप्त करके सभा निधि खाता में जमा करवा कर तदोपरान्त सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा और की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली कर तदोपरान्त सरकारी कोष में जमा करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये व भविष्य में नियमित रूप से प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**10.2 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि ₹0.06 लाख को हि०प्र० राजकीय कोष में जमा न करने से राजस्व की हानि बारे: -**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्याः SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या **"0070-60-108-01"** में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि आवेदनकर्ताओं से वसूली गई विवाह पंजीकरण शुल्क राशि **₹6,400.00** जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ढ "** पर संलग्न है को राजकीय कोष में जमा नहीं करवाया गया था, जिस कारण हि०प्र० राजकीय कोष को संभावित राजस्व की हानि प्रतीत होती है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2025/भोगपुर दिनांक 13.03.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर NIL दिनांक 17.03.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया व जिसे भविष्य में सुधार लिया जाएगा और की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली से प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये व अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में नियमित रूप से प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**10.3** हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 104(2)(1) व 105 के अनुसार निर्माण कार्यों की नमूना जाँच, माप पुस्तिका में सम्बन्धित विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों जैसे कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता द्वारा किया जाना अपेक्षित है।

